पेरेंट्स का मैसेज : पृथ्वी मां है, हमें इसका ख्याल रखना होगा

टीएसवीएस में ग्रेड-3 के पेरेंट्स ने 'ऋतु चक्र' पर एसेंबली का आयोजन किया

Parents Assembly

सिटी रिपोर्टर | भोपाल

पेरेंट्स एसेंबली में एक परफॉर्मेंस के जरिए सेव एन्वॉयर्नमेंट का मैसेज दिया गया।

पेरेंट्स और टीचर्स बच्चे के दिमाग को शक्ल देते हैं। रिसर्च के मुताबिक स्कूल के दौरान पेरेंटल इन्वॉल्वमेंट बच्चों की सक्सेस में बहुत बड़ा रोल निभाती है। द संस्कार वैली स्कूल (टीएसवीएस) का मानना है कि यह पेरेंट्स टीचर्स मीटिंग तक ही सीमित नहीं रहना चाहिए, उन्हें स्कूल के साथ और इन्वॉल्व होना चाहिए।

मंगलवार को टीएसवीएस के ग्रेड 3 के पेरेंट्स ने 'ऋतु चक्र' पर एसेंबली का आयोजन किया। रोल की अदला-बदली ने इस प्रोग्राम को सक्सेसफुल बनाया। यहां बच्चों ने अपने पेरेंट्स की एनर्जेटिक परफॉर्मेंस को देख प्राउड फील किया। एसेंबली की शुरुआत वेलकम सॉन्ग से हुई, जिसके बाद पेरेंट्स ने स्किट परफॉर्मेंस दी। इसमें ग्लोबल वॉर्मिंग, एफॉरेस्टेशन, ओवर पॉपुलेशन के बारे में बताया गया कि किस तरह इन सभी वजहों से पृथ्वी पर रहने वालों की लाइफ पर निगेटिव असर पड़ा है। स्किट के माध्यम से संदेश दिया गया कि पृथ्वी हमारा घर है और हमारी मां, हमें इसकी इज्जत और इसका ख्याल रखना है। इसके बाद डिस्ट्रक्शन डांस पेश किया गया, जिसमें बताया गया कि एन्वायमेंटल डिस बैलेंस के कारण किस तरह पृथ्वी को नुकसान पहुंच रहा है। अंत में सभी ने पर्यावरण संरक्षण का प्रण लिया। पेरेंट्स ने टीचर्स को पौधे गिफ्ट किए।